कलक्टर एंव जिला मजिस्ट्रेट इस हेतु संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे।

xii. संबंधित जिला कलक्टर एंव जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 अन्तर्गत निरोधात्मक आदेश जारी किये जायेंगे।

**कन्टेनमेन्ट जोन्स में किसी भी प्रकार की छूट अनुमत नहीं होगी।**

## B. स्थानीय प्रतिबन्ध :

1. राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट परिस्थितियों का आंकलन करते हुए कोविड–19 के फैलाव को रोकने के लिए स्थानीय प्रतिबंध जारी कर सकेंगे।
2. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा कार्यालयों में सोशल डिस्टेसिंग की अनुपालना कराया जाना आवश्यक होगा। जिन क्षेत्रों में संक्रमित पॉजिटिव केसों की साप्ताहिक दर उच्च होगी उनके जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय समय में अंतराल रखने तथा अन्य उपयुक्त उपायों को क्रियान्वित करेंगे ताकि कार्यालय में उपस्थित होने वाले कार्मिकों की संख्या में कमी रहे और सामाजिक दूरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।
3. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा **कन्टेन्मेन्ट जोन्स के बाहर स्थानीय लॉकडाउन** (जिला/उपखण्ड/शहर/ग्राम स्तर पर) **सरकार की बिना पूर्व स्वीकृति के लागू नहीं किया जायेगा।**

## C. कन्टेन्मेन्ट जोन्स के बाहर के क्षेत्रों में:–

(i) राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश दिनांक 08.09.2020 में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के विद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ ही निजी विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों व मेडिकल कॉलेज, डेन्टल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज एवं पैरामेडिकल कॉलेज को खोलने के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्णय लिया गया है:–

ए. ऑनलाईन/डिस्टेंस लर्निग जारी रहेगी एवं इसे प्रोत्साहित किया जायेगा।

बी. दिनांक 11.01.2021 से मेडिकल कॉलेज, डेन्टल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज तथा पैरामेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति होगी।

सी. राज्य के सभी सरकारी/निजी विद्यालयों के 9वीं से 12वीं तक की नियमित कक्षाओं के लिये विद्यालय दिनांक 18.01.2021 से खोले जायेंगे। सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों द्वारा नियमित कक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जारी

